M.A. F.Y. (Hindi) (Choice Based) Regular-Semester 2016 Semester - I (New Course)

# MAHNCBCS101 : Core I - Paper-I :
# Hindi Sahitya ka Itihas (Adikal Aur Bhakti Kal)
# (हिन्दी साहित्य का इतिहास) (आदिकाल और भक्तिकाल)

P. Pages : 2 **GUG/W/16/8018**

Time : Three Hours Max. Marks : 80

---

सूचना :- सभी प्रश्न अनिवार्य है।

**1.** निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों में से प्रत्येक खंड से एक - एक प्रश्न का उत्तर लिखिए।

**खंड 'क'**

अ) हिन्दी साहित्य के इतिहास काल विभाजन में सर्वप्रथम स्थान किस काल को दिया गया है तथा उसके नामकरण किस आधार पर किए गए लिखिए। **10**

**अथवा**

आ) हिन्दी साहित्य के इतिहास की परंपरा एवं पूर्ण लेखन की आवश्यकता स्पष्ट कीजिए।

**खंड 'ख'**

अ) सिद्‌ध तथा नाथ साहित्य की प्रमुख विशेषताओं का निरुपण कीजिए। **10**

**अथवा**

आ) आदिकाल की पृष्ठभूमि स्पष्ट करते हुए आदिकाल कि विशेषताएँ विशद कीजिए।

**2.** निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों में से प्रत्येक भाग से एक - एक का उत्तर लिखिए।

**खण्ड 'ग'**

अ) भक्तिकाल की पृष्ठभूमि लिखते हुए भक्तिकालीन साहित्य की समान प्रवृत्तियों को निरुपित कीजिए। **10**

**अथवा**

आ) निर्गुण पंथ के ज्ञानाश्रयी काव्यधारा के प्रतिनिधी के रूप में संत कबीरदासजी का जीवन परिचय लिखिए।

**खण्ड 'घ'**

अ) सुफी शब्द का आशय स्पष्ट करते हुए सूफी मत की मान्यताएँ विशद कीजिए। **10**

**अथवा**

आ) ईश्वर भक्ति के सगुण धारा का आशय स्पष्ट करते हुए सगुण काव्य की विशेषताएँ लिखिए।

**3.** निम्नलिखित लघुत्तरी प्रश्नों में से **किन्ही पाँच** के उत्तर दस से पंद्रह पंक्तियों में लिखिए। **20**

1) मलिक मोहम्मद जायसी का जीवन परिचय लिखिए।

2) आदिकाल की पृष्ठभूमि विशद कीजिए।

3) पृथ्वीराज रासो पर टिप्पणी लिखिए।

4) नाथ साहित्य की विशेषताएँ लिखिए।

5) जैन साहित्य का सामान्य परिचय दीजिए।

6) निर्गुण पंथी ज्ञानाश्रयी काव्यधारा से क्या तात्पर्य है?

7) सगुण काव्य की विशेषताएँ लिखिए।



munotes.in

**4.** निम्नलिखित अति लघुत्तरी प्रश्नों के उत्तर तीन से पांच पंक्तियों में लिखिए। **10**

1) जैन साहित्य के प्रमुख प्रतिनिधि कवियों के नाम लिखिए।
2) हिन्दी का प्रथम कवि किसे माना गया है?
3) संत कबिरदास का संक्षिप्त परिचय दीजिए।
4) सूफी मत के सिद्धांत कौन कौन से है?
5) संत काव्य तथा सूफी काव्य की समानताएँ स्पष्ट कीजिए।

**5.** निम्नलिखित निर्देशों या विकल्पों के आधार पर वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है। **10**

1) कृष्ण काव्यधारा के प्रवर्तक हैं।
   अ) सूरदास  ब) आचार्य वल्लभ
   क) रामानन्द  ड) मीराबाई

2) तुलसीदास की भक्ति किस प्रकार की है?
   अ) दास्य  ब) मधुर
   क) वात्सल्य  ड) सख्य

3) सिद्ध कवियों ने जिस प्रतिकात्मक भाषा को अपनाया, उसे कौनसा नाम दिया गया है?
   अ) प्राकृत  ब) अपभ्रंश
   क) सन्धा  ड) डिंगल

4) 'पृथ्वीराज रासो', में कितने सर्ग है?
   अ) 69  ब) 79
   क) 65  ड) 59

5) भक्तिकाल की सही समयावधि है -
   अ) 1375 - 1700  ब) 1400 - 1650
   क) 1376 - 1716  ड) 1385 - 1800

6) आलावार भक्तों की संख्या कितनी मानी गई है?
   अ) 10  ब) 12
   क) 15  ड) 18

7) जैन मत का प्रभाव प्रमुख रुप से रहा है -
   अ) बिहार  ब) गुजरात और काठियावाड़
   क) मध्य प्रदेश  ड) आन्ध्र प्रदेश

8) कौनसी रचना सूरदास की नहीं है?
   अ) सिद्धांत पंचाध्यायी  ब) सूर सारावली
   क) साहित्य लहरी  ड) सूर सागर

9) किस युग को स्वर्ण युग कहा जाता है?
   अ) आदिकाल  ब) रीतिकाल
   क) भक्तिकाल  ड) आधुनिक काल

10) दक्षिण के आलावार भक्त किस कोटि के भक्त थे?
   अ) आचार्य  ब) गायक
   क) आलोचक  ड) चिन्तक

*****************

munotes.in